सं. 11014/03/2025-रा.भा.(पत्रिका)

भारत सरकार

गृह मंत्रालय

राजभाषा विभाग

******

बी विंग, चतुर्थ तल, एन.डी.डी.सी-2 भवन

जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001

दिनांक:15 अप्रैल, 2025

कार्यालय ज्ञापन

विषय: राजभाषा विभाग की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'राजभाषा भारती' का विशेषांक प्रकाशित किए जाने के संबंध में।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय की स्थापना की स्वर्ण जयंती के शुभ अवसर पर विभाग की त्रैमासिक पत्रिका 'राजभाषा भारती' का 170वां अंक (अप्रैल-जून 2025) विशेषांक के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है। इस विशेषांक के लिए निम्नलिखित विषयों पर लेख आमंत्रित किए जाते हैं:

i. राजभाषा विभाग की 50 वर्ष की गौरवशाली यात्रा: उपलब्धियाँ और भविष्य की दिशा
ii. राजभाषा के प्रचार-प्रसार में राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय सम्मेलनों का महत्व
iii. प्रशासनिक कार्य में राजभाषा हिंदी: अनुभव और व्यावहारिक सुझाव
iv. स्वभाषा: स्वाभिमान का प्रतीक
v. सूचना प्रौद्योगिकी और हिंदी: अवसर और चुनौतियाँ
vi. राजभाषा कार्यान्वयन में प्रशिक्षण और अनुवाद का महत्व
vii. अमृत काल में हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं की परस्पर सहभागिता
viii. सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों एवं राष्ट्रीयकृत बैंकों में हिंदी का प्रयोग: सफल प्रयास और नवाचार
ix. हिंदी के प्रयोग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और मशीन अनुवाद की भूमिका

लेख मंगल फॉन्ट में टंकित किए हुए, व्याकरणिक एवं तथ्यात्मक दृष्टि से सही तथा 3000 शब्दों तक हो सकते हैं। शोध से जुड़े लेखों में शब्दों की सीमा 5000 शब्द तक हो सकती है। पत्रिका में लेखों के प्रकाशन के संबंध में अंतिम निर्णय राजभाषा विभाग का होगा। चयनित लेखों के लेखकों को नियमानुसार मानदेय दिए जाने का प्रावधान है। कृपया लेख (फोटो सहित) दिनांक 12/05/2025 तक ई-मेल आई डी patrika-ol@nic.in पर भिजवाना सुनिश्चित करें।

अनिल कुमार

(अनिल कुमार)

उप सचिव(अनुसंधान/पत्रिका)